भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 216 का उत्तर

शोलापुर और मुंबई के बीच नई ट्रेन

***216. डॉ. जय सिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को मध्य रेल से शोलापुर और मुंबई के बीच तथा शोलापुर से अन्य मार्गों के बीच एक नई ट्रेन आरम्भ करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई/की जानी प्रस्तावित है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) मध्य रेलवे द्वारा शोलापुर से 03 जोड़ी विशेष रेलगाड़ियां अर्थात् 01429/30 शोलापुर-लोकमान्य तिलक (टी) स्पेशल, 01431/32 शोलापुर-तिरुपति स्पेशल और 01433/34 शोलापुर-नागपुर स्पेशल प्रस्तावित की गई थीं। इन्हें निम्नानुसार परिचालन के लिए अनुमोदित किया गया है:-

1. 01433/34 नागपुर-शोलापुर स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 11.12.2022 से।
2. 01429/30 लोकमान्य तिलक (टी)-शोलापुर स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 13.12.2022 से।
3. 01431/32 शोलापुर-तिरुपति स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 15.12.2022 से।

****